आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.10.2023 / प्रादेशिक समाचार बुलेटिन / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने खाद्य व नागरिक आपूर्ति निगम को आपदा प्रभावितों के लिए शुरू की गई निशुल्क एल.पी.जी कनैक्शन व राशन योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के दिए निर्देश।
- केन्द्रीय सूचना, प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दी बधाई। कहा—केन्द्र ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए बजट में की कई गुणा बढ़ोत्तरी।
- केन्द्रीय सूचना, प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा—केन्द्र सरकार ने आपदा के दौरान हिमाचल प्रदेश की मदद करने में नहीं छोड़ी कोई कसर।

और

- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा नशा तस्करी से जुड़े किसी भी व्यक्ति को नहीं बक्शा जाएगा—विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का किया आहवान।

...........

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने खाद्य व नागरिक आपूर्ति निगम को आपदा प्रभावित परिवारों के लिए शुरू की गई निशुल्क एलपीजी कनेक्शन व राशन उपलब्ध करवाने की योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के निर्देश दिए हैं। शिमला में निगम समिति के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि निशुल्क राशन की सुविधा अगले वर्ष 31 मार्च तक जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रभावितों को मूलभूत खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित होगी। सुखविंदर सिंह ने कहा कि राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने वित्त वर्ष 2022—23 में एक हजार 9 सौ 55 करोड़ का कुल कारोबार किया है, और 87 लाख रूपए का लाभ अर्जित किया है। उन्होंने निगम को पूरी तरह डिजिटल, वाणिज्यिक और पेशेवर इकाई बनाने व उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद सुनिश्चित करवाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

सुखविंदर सिंह सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने युवाओं को खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होने का आहवान किया है। शिमला में आज आई. ए. एस. इलेवन और आई पी एस इलेवन के बीच टी–20 क्रिकेट मैच के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के साथ–साथ अनुशासित करती है और नशे की प्रवृति से दूर रखती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदेश के युवा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

अनुराग ठाकुर

केन्द्रीय सूचना प्रसारण युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर के अणु में प्रोफेशनल कबड्डी लीग ऑक्शन का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के सभी ज़िलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर अनुराग सिंह ठाकुर ने एशियाई खलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए बजट में बीते वित्तिय वर्षों के मुकाबले कई गुणा बढ़ोत्तरी की है जिससे खेलों का आधारभूत ढांचा मजबूत हुआ है।

बाद में पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने धर्मशाला में विश्वकप मैच आयोजित करने पर एचपीसीए को बधाई दी। इसके अलावा अनुराग ठाकुर ने ऊना में निर्माणाधिन पीजीआई सैटलाईट सेंटर को लोगों के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने बताया कि इसके बनने से ऊना सहित प्रदेश के अन्य जिलों के लोगों को ईलाज के लिए चंडीगढ़ नही जाना पड़ेगा।

अनुराग–आपदा

केन्द्रीय सूचना प्रसारण युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने आपदा के दौरान हिमाचल प्रदेश की मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हमीरपुर में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने दिल खोल कर आपदा प्रभावितों की मदद की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को केन्द्र ने 8 सौ 62 करोड़ रूपए की सहायता राशि के अलावा 27 सौ करोड़ रूपए सड़कों के लिए प्रदान किए है।

अनुराग

केन्द्रीय सूचना प्रसारण युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि हमीरपुर में 2 सौ करोड़ रूपए की मदद से नेशनल सेंटर ऑफ एक्सिलैंस भवन का निर्माण किया जाएगा। हमीरपुर स्थित गौतम गर्लज कॉलेज में अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उन्होंने कहा कि

जल्द ही इस भवन की आधारशिला रखी जाएगी। इस प्रतियोगिता में लगभग 61 टीमें भाग ले रही हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए देशभर में जल्द ही एक हजार खेलों इंडिया सेंटर खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक इंडोर स्टेडियम और एक खेलों इंडिया सेंटर खोलने के लिए वे प्रयासरत हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा इन सेंटरों में पूर्व खिलाड़ियों को कोचिंग शुरू करने के लिए 5–5 लाख रूपए का प्रावधान किया जाएगा। बाद में उन्होंने ग्राम पंचायत जंगलरोपा व डुग्घा में लोगों के साथ संवाद भी किया।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज ऊना जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह में आयोजित छात्राओं की राज्यस्तरीय अंडर–14 खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ खेलों को भी समान महत्व देने की आवश्यकता है ताकि युवा पीढ़ी खेलों के माध्यम से भी अपना लक्ष्य हासिल कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आहवान किया। अग्निहोत्री ने कहा कि नशा तस्करी से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आगामी नवरात्रों से धार्मिक स्थलों के लिए विशेष बसें चलाई जाएंगीं।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने आज लाहौल घाटी के मेलिंग में महादेव मंदिर के गेट का उदघाटन किया। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कारगा में पशुओं के लिए पॉली क्लीनिक खोलने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि इस क्लीनिक में डाक्टरों की तैनाती की जाएगी और पशुओं के इलाज के लिए सर्जरी व दवाईयों की उचित व्यवस्था की जाएगी। विधायक रवि ठाकुर भी इस दौरान मौजूद रहे।

जगत सिंह

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार कर्मचारी हितैषी सरकार है और लगभग डेढ़ लाख कर्मचारियों को पुरानी पैंशन योजना का लाभ प्रदान किया गया है। किन्नौर जिले रिकांगपिओ में आयोजित जिला स्तरीय पुरानी पैंशन बहाली आभार समारोह में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए ओपीएस बहाली के वादे को मंत्रीमंडल की पहली बैठक में पूरा किया है।

विक्रमादित्य

लोक निर्माण व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सुन्नी में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ–साथ उनके शारीरिक व मानसिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सुन्नी के नए मॉडल स्कूल का भवन लगभग साढ़े 7 करोड़ रूपए की लागत से बनाया जाएगा।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने खाद्य व नागरिक आपूर्ति निगम को आपदा प्रभावितों के लिए शुरू की गई निशुल्क एल.पी.जी कनैक्शन व राशन योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के दिए निर्देश।
- केन्द्रीय सूचना, प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को दी बधाई। कहा–केन्द्र ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए बजट में की कई गुणा बढ़ोत्तरी।
- केन्द्रीय सूचना, प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा–केन्द्र सरकार ने आपदा के दौरान हिमाचल प्रदेश की मदद करने में नहीं छोड़ी कोई कसर।

और

- उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा नशा तस्करी से जुड़े किसी भी व्यक्ति को नहीं बक्शा जाएगा–विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का किया आहवान।

नमस्कार।